स्वास्थ्य स्वराज संकल्प

हमारें गांव में हम ही सरकार हैं
ऐसे हम सभी ग्रामसभा सदस्य
हमारें गांव में 'स्वास्थ्य स्वराज' स्थापन करने का संकल्प करते हैं ।

हम जानते है कि हमारें गांव के
छोटे—बड़े, स्त्री—पुरूष, हाल ही में जन्में से लेकर बुढ़ापे तक,
सारे मनुष्य हो, या फिर हमारे संस्कृती का हिस्सा बने पालतू प्राणी,
सभी को स्वस्थ—निरोगी रहने का जन्मसिद्ध हक हैं ।
सभी के स्वस्थ—निरोगी रहने के हक का न्याय्य अमल
याने ही 'स्वास्थ्य स्वराज' है ।

स्वस्थ—निरोगी रहने के हमारे हक के लिए
दिल्ली—मुंबई स्थित हमारी सरकार ने
समय—समय पर घोषित की हुई स्वास्थ्य सुविधा एवं योजनायें,
इनका लाभ हमारें गांव के प्रत्येक व्यक्ती को हो,
इसकी देखभाल करने का हमने तय किया हैं ।
उसके लिए स्वास्थ्य संबंधी हर योजना को विस्तार से समझ कर लेना,
और उसे हर किसी को समझाकर देने की हमारी तैयारी हैं ।
हमारें गांव के लिए, अथवा हमारे परिसर के लिए,
उपयुक्त स्वास्थ्य योजनायें बनाकर हम सरकार को सादर कर सकते हैं
हमने बनायी योजनाओं का अमल हो इसके लिए
आसपड़ोस के गांव की मदत से
हम जनपैरवी करेंगे, सरकार पर दबाव डालेंगे ।
और महत्त्व का याने, सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का अमल ठीक हो इसलिए
स्वास्थ्य कर्मीयों की पूर्ण सहायता करने के हम वचन देते हैं ।
लेकिन हम यह भी जानते हैं कि उनके काम पर देखरेख रख़ना
तथा जरूरत पड़ने पर उनका नियंत्रण करना भी महत्त्व का है ।

हमारें गांव में हम ही सरकार हैं इसीलिए
हमें तकलीफ़ देते रोगोंका वार्षिक चक्र समझ लेना ही हमारें लिए ठीक होगा ।
उन रोगों का रोकथाम एवं उपचार सीख़ना,
तथा उस सीखावन सा बर्ताव करने का हमारा संकल्प हैं ।
हमारें गांव में जन्मे हर बच्चे को उत्तम पोषण तथा
स्वस्थ—निरोगी जीवन मिलेगा इसकी हम गारंटी देते हैं ।
वैसी स्वास्थ्य व्यवस्था हमारे गांव में बनाने का हमारा संकल्प हैं ।

हमारा गांव सदासर्वदा साफसुथरा, सभी का पोषण करनेवाला, स्वस्थ—निरोगी,
हो सकता है ऐसा दृढ़ विश्वास होने से
हम आज अभी इसी वक्त से
हमारे गांव में 'स्वास्थ्य स्वराज' हैं ऐसा घोषित करते हैं ।

'स्वराज्य मित्र सामाजिक संस्था', अंजनगावबारी, अमरावती; द्वारा प्रोत्साहित